हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

13 अगस्त 2025, समय 1810

<u>मुख्य समाचार :-</u>

- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने प्रजापति समाज के परिवारों को भूमि पात्रता प्रमाण पत्र वितरित किए।
- मुख्यमंत्री ने प्रजापति समाज से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाते हुए बाजार की मांग के अनुरूप अपने उत्पाद तैयार करने का आह्वान किया।
- खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा है कि प्रजापति समुदाय को भूमि प्रमाण पत्र देने की मुहिम से प्रधानमंत्री के "वोकल फॉर लोकल "अभियान को बढ़ावा मिलेगा।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पीपली में निकली गई तिरंगा यात्रा में भाग लिया और लोगों से हर घर तिरंगा लहराने का आह्वान किया।

****************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने प्रजापति समाज से आह्वान किया है कि वे अपनी पारंपरिक कला को आधुनिकतकनीक से जोड़ते हुए और सशक्त बनाएं। और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाते हुए बाजार की मांग के अनुरूप अपने उत्पाद तैयार करें।

मुख्यमंत्री आज प्रजापति समाज के परिवारों को पात्रता प्रमाण पत्र वितरण हेतु कुरुक्षेत्र की पिपली अनाज मंडी में आयोजित एक राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित कर रहे थे।

यह कार्यक्रम प्रदेश के सभी 22 जिलों में एक साथ आयोजित किया गया, जिसमें लगभग एक लाख परिवारों को भूमि पात्रता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। योजना के तहत लगभग 1,700 गांवों में प्रजापति समाज को मिट्टी खुदाई का सामूहिक अधिकार देने हेतु पात्रता प्रमाण पत्र जारी किए गए।

विकास एवं पंचायत विभाग हरियाणा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि बीते दशकों में प्रजापति समाज के हुनर को वह सम्मान व अवसर नहीं मिल पाए जिसके वह हकदार थे। और नई पीढ़ी को इसके साथ जोड़ने के लिए जो साधन चाहिए थे वह नहीं मिल रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा की उन्हें गर्व है कि भिवानी में दक्ष प्रजापति महाराज जयंती समारोह में उन्होंने जो घोषणा की उस पर एक महीने के अंदर काम शुरू हो गया। श्री नायब सिंह ने कहा

कि उन की सरकार ने प्रजापति समुदाय की समस्या को समझा और वादे नहीं समाधान किया जा रहा है। संकल्प से सिद्धि तक पहुंचाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रजापति समाज मेहनती हुनरमंद है और सदियों से आपने प्रदेश की तरक्की में योगदान दिया है और यह पात्रता प्रमाण पत्र आपके सम्मान की गारंटी है।

***************************************************************************

राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने आज कहा कि प्रदेश सरकार जनता की सेवा के लिए समर्पित है और सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए योजनाएं चला रही है, जिससे आमजन को सीधा लाभ मिल रहा है।

वे आज रेवाड़ी में प्रजापति समुदाय के पात्र परिवारों को भूमि के प्रमाण-पत्र वितरित करने के मौके पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने रेवाड़ी जिले में 67 गांवों के 2801 लाभार्थियों को पात्रता प्रमाण पत्र वितरित किए ।

श्री कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि मिट्टी से बर्तन और मूर्तियां बनाने की कला हमारी अमूल्य धरोहर है, इसे भविष्य में भी बनाये रखने के लिए सरकार द्वारा विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि प्रजापति समाज के जिन लोगों के पास मिट्टी उठाने के लिए भूमि उपलब्ध नहीं है, ऐसे लोगों को प्रमाण पत्र मिलने के बाद पंचायत भूमि में से पांच एकड़ तक भूमि उपलब्ध हो जाएगी ताकि वे अपना पुश्तैनी व्यवसाय चला सके।

***************************************************************************

पलवल में भी आज प्रजापति समुदाय के पात्र परिवारों को भूमि के प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

इस जिला स्तरीय कार्यक्रम में खेल मंत्री गौरव गौतम मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए जिन्होंने 2500 लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए।

खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा प्रजापति समुदाय के पात्र परिवारों को मिट्टी के बर्तन बनाने,आवा लगाने के लिए आरक्षित की गई भूमि के प्रमाण-पत्र वितरित किए गए हैं।

प्रजापति समाज के लोग अब पंचायत की जमीन पर मिट्टी के बर्तन बना सकेगें।

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार की इस मुहिम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल अभियान को बढ़ावा मिलेगा।

***************************************************************************

हिसार में कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने प्रजापति समुदाय के पात्र लाभार्थियों को भूमि पात्रता प्रमाण पत्र वितरित किए।

जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा -इस योजना का उद्देश्य न केवल इन परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराना है बल्कि पारंपरिक कला और सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित व प्रोत्साहित करना भी है।कैबिनेट मंत्री ने बताया कि हिसार जिले में 197 गांवों के 23 हजार 811 परिवारों को 144 एकड़ 6 कनाल 10 मरले भूमि पर मिट्टी खनन का अधिकार प्रदान किया गया है।

*************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज कुरुक्षेत्र जिले के पिपली कस्बे में निकाली गई तिरंगा यात्रा में भाग लिया। यह यात्रा अनाज मंडी से शुरू होकर एक निजी स्कूल के मुख्य द्वार पर समाप्त हुई। यात्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। उनके अलावा कैबिनेट मंत्री किशन लाल पवार, श्याम सिंह राणा भी हाथों में तिरंगा लिए यात्रा में शामिल हुए।

इस दौरान प्रदेश की जनता को स्वतंत्रता दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री ने शहीदों को नमन किया जिनकी स्मृति में तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही है।

*************************************************************************

हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज भिवानी में साईकिल व बाईक तिरंगा यात्रा निकाली गई।

इस यात्रा को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के सचिव एवं भिवानी के अतिरिक्त उपायुक्त मुनीष नागपाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा उपस्थित युवाओं को नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई।

साईकिल चेतना यात्रा भीम स्टेडियम से शुरु होकर चिडिय़ाघर मोड़ होते हुए वापस भीम स्टेडियम में संपन्न हुई। अतिरिक्त उपायुक्त ने नागरिकों का आह्वान किया कि वे तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर हरघरतिरंगा डा. कॉम पोर्टल पर अपलोड करें।

*************************************************************************

नशा मुक्ति अभियान के तहत आज पंचकूला में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। इस अवसर पर संत समाज के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने उपस्थित जनसमूह को नशा मुक्त देश तथा नशा मुक्त प्रदेश की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर नशों के प्रति एक जागरूकता दस्तावेजी फिल्म भी दिखाई गई।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा मुक्ति अभियान एक संकल्प है और एक आंदोलन भी है जो हमारे देश को एक स्वस्थ और उज्जवल भविष्य की ओर ले जाने का वादा करता है। इस अभियान का उद्देश्य देश के लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करना है तथा उन्हें एकजुट करना है।

**************************************************************************